[A-23] Seat No: ____________ No. of printed pages: 2

SARDAR PATEL UNIVERSITY
F.Y. B.A. (External) Examination
Wednesday, 10th April 2019
10.00 am - 1.00 pm
HIN 101 : हिन्दी कहानी और उपन्यास

कुल गुण : १००

प्र.१ ससंदर्भ व्याख्या कीजिए । (२१)

(१) ''हाँ, यह बात है । नवल जो चाहें, करावें । क्या एक ही गाड़ी में न जाने से दोस्ती में बट्टा लग जाएगा? अब तो किसी तरह रुकोगे नहीं, जरुर ही अनेक साथ जाओगे । पर मेरे नाकों तो दम आ जाएगी ।''

अथवा

(१) ''औरतों की नाकों से आ रही आवाजों से लग रहा है कि औरतों के दिल को ज्यादा सदमा लगा है।''

(२) 'मोहन ने अपनी माँ को गौर से देखा, फिर धीरे से उत्तर दिया – नहीं रे, अक्ल तो अब भूख नहीं है और फिर रोटियाँ तुने ऐसी बनाई है कि खाई नहीं जाती ।'

अथवा

(२) ''छड़ीदार ने रोनी सूरत बनाकर कहा ''किसी तरह गोधन को राजी करवाइए । नहीं तो कल से गाँव में मुँह दिखाना मुश्किल हो जाएगा ।

(३) ''अरे हाथ पकड़कर निभाने की मर्दानगी जिनमें नहीं होती, पर ऐसे ही मर्दानगी दिखाते हैं। अनबन किसमें नहीं होती, तो क्या ब्याही औरत को यों छोड़ दिया जाता है।''

अथवा

(३) ''साथ रहने की यंत्रणा भई बड़ी विकट थी और अलगाव का त्रास भी। अलग रहकर भी वह ठंडा युद्ध कुछ समय तक जारी ही नहीं रहा, बल्कि अनजाने ही अपनी जीत की संभावनाओं को एक नया संबल मिल गया था कि अलग रहकर ही शायद सह तरीके से महसूस होगा कि सामनेवाले को खोकर क्या कुछ अमूल्य खो दिया है ।''

प्र.२ जयशंकर प्रसाद की 'पुरस्कार' कहानी 'व्यक्तिगत प्रेम पर राष्टप्रेम की विजय की कहानी है'– इस कथन की समीक्षा कीजिए । (२०)

अथवा

प्र.२ कहानी कला के तत्त्वों के आधार पर 'प्रायश्चित' कहानी की समीक्षा कीजिए ।

प्र.३ 'आपका बंटी' उपन्यास के आधार पर शकुन का चरित्र-चित्रण कीजिए । (२०)

अथवा

प्र.३ 'आपका बंटी' उपन्यास आधुनिक परिवेश में टूटते दाम्पत्यजीवन की करूण कथा है- समझाइए ।

प्र.४ निम्नलिखित लघुत्तरी प्रश्नों के उत्तर दीजिए । (१८)

(१) 'पंचलाईट' कहानी की गुलरी काकी ।

अथवा

(१) 'दोपहर का भोजन' कहानी की सिद्धेश्वरी ।

(२) 'आपका बंटी' उपन्यास की फूफी

अथवा

(२) 'आपका बंटी' उपन्यास : शीर्षक एवं उद्देश्य

प्र.५ निम्नलिखित **कोई भी इक्कीस** वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए । (२१)

(१) 'दुलाईवाली' कहानी के पात्रों के नाम लिखिए ।
(२) गोधन को मनाने कौन गया?
(३) 'दो पहर का भोजन' कहानी किसकी कथा उजागर करती है?
(४) 'आपका बंटी' उपन्यास कब प्रकाशित हुआ?
(५) शामनाथ कैसा है?
(६) अधेड़ आदमी किसको कुत्ता कहता है?
(७) दिल्ली में किसकी मौत हुई है?
(८) किसके घर चीफ की दावत थी?
(९) 'दोपहर का भोजन' कहानी की नायिका का क्या नाम है?
(१०) बंटी का वास्तविक नाम क्या है?
(११) पंडित परमसुख बिल्ली की हत्या होने पर किस नरक का विधान बताते हैं?
(१२) शकुन के बारे में अजय का मत क्या है?
(१३) मन्नू भंडारी के दो नाटकों के नाम लिखिए।
(१४) रामचन्द्र क्या करता था?
(१५) 'पुरस्कार' कहानी के लेखक कौन है?
(१६) डॉ. जोशी के बच्चों का नाम बताइए ।
(१७) 'पंचलाईट' कहानी के लेखक कौन है?
(१८) 'आपका बंटी' उपन्यास में कौन-कौन सी समस्याएँ प्रस्तुत है?
(१९) अजय की दूसरी पत्नी का क्या नाम है?
(२०) 'सर्वश्रेष्ठ कहानियाँ' कहानी-संग्रह के सम्पादक कौन है?
(२१) अजय और शकुन अलग क्यों होते है?
(२२) मन्नू भंडारी के पिता का नाम लिखए ।